केन्द्रीय सूचना आयोग
बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका
नई दिल्ली - 110067.
******

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2019/65 दिनांक: 28.02.2019
संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2019/00051
CICOM/R/2019/00065

अपीलकर्ता : श्री गिरीश प्रसाद गुप्ता,
ग्राम – शोकहारा -2, राजेन्द्र पथ बरौनी,
पो0 – बरौनी, जिला – बेगूसराय,
बिहार – 851112.

निर्णय की तारीख : 28.02.2019

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 07.01.2019 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 06.02.2019 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री ए. के. असीजा |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 16.02.2019 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 78/25.02.2019 (9118/20.02.2019) |

1. अपीलकर्ता द्वारा दिनांक 07.01.2019 के आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से केन्द्री सूचना आयोग को प्रेषित सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार, पटना के पत्रांक 16458 दिनांक 17.12.2018 पर की गई कार्यवाही तथा कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली के पत्रांक 23011/1/2018-PGCELL/1339310 दिनांक 30.10.2018 की प्रमाणित छायाप्रति की मांग की गई थी, जिसके प्रतिउत्तर में श्री ए. के. असीजा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना के विरुद्ध प्रथम अपील दाखिल की गई है ।

2. संबंधित संचिका (प्रथम अपील आवेदन, आर.टी.आई. आवेदन एवं प्रदान की गई सूचना) का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता के उक्त आर.टी.आई. आवेदन के संदर्भ में श्री ए. के. असीजा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना सही नहीं है । अपीलकर्ता के उक्त आर.टी.आई. आवेदन का अवलोकन करने के पश्चात् श्री कृष्ण अवतार तलवार, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, सी.आर.-1 को आर.टी.आई. आवेदन की प्रति संलग्न करते हुए निर्देश दिया जाता है कि इस आदेश की प्राप्ति के पंद्रह दिनों के अंदर आर.टी.आई. आवेदन में संदर्भित पत्रों के आयोग में प्राप्त होने की जांच करें एवं उक्त पत्र जिस रजिस्ट्री/स्कंध/अधिकारी को अग्रसारित किए गए हैं, उस रजिस्ट्री/स्कंध/अधिकारी को वांछित सूचना उपलब्ध करवाने हेतु आवेदन अग्रसारित करें ।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली – 110067 में की जा सकती है ।

C.I.C./के० सू० आ०
RECEIVED
01 MAR 2019
D. No.....
Initials.....

(आर. के. सिंह)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी
दूरभाष – 011-26162290

प्रतिलिपि :

1. केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
2. श्री कृष्ण अवतार तलवार, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, सी.आर.-1 – आर.टी.आई. आवेदन सहित ।

01/03/19